उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## शुक्रवार, 15 आषाढ़, शक संवत्, 1929
( दिनांक : 06 जुलाई, 2007 )

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. अल्पसूचित प्रश्न (देखिए नत्थी "क")।

2. अन्य प्रश्न (देखिये नत्थी **"ख"** तथा **"ग"**)।

3. निधन के निदेश।

4. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

5. श्री बलवीर सिंह नेगी, सदस्य, विधान सभा, "जनपद टिहरी गढ़वाल के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग अस्थाई खण्ड घनसाली के ग्राम सौंप-आर्स-नैक्वाडा-चुरेना-चामी मोटर मार्ग के सम्बन्ध में" श्री विरेन्द्र सिंह रावत, एवं अन्य निवासीगण, ग्राम व पो0- सौंप, जनपद टिहरी गढ़वाल द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

6. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

7. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

8. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

9. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

10. वित्तीय वर्ष 2007-2008 के आय-व्ययक की मांगों पर चर्चा एवं मतदान :-

1- चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2008 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-12, चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, तथा लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त **रूपये 3510497 हजार (तीन सौ इक्यावन करोड़ चार लाख सत्तानवे हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(घ)**)

2- सिंचाई मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2008 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-20, सिंचाई एवं बाढ़ विभाग के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, तथा लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त **रूपये 4545298 हजार (चार सौ चौवन करोड़ बावन लाख अट्ठानवे हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ङ)**)

3- पेयजल मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2008 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-13, जलापूर्ति, आवास एवं नगर विकास विभाग के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, तथा लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त **रूपये 2922589 हजार (दो सौ बानवे करोड़ पच्चीस लाख नवासी हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रंस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(च)**)

4- वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2008 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-27, वन विभाग के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, तथा लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त **रूपये 1970776 हजार (एक सौ सत्तानवे करोड़ सात लाख छिहत्तर हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(छ)**)

5- परिवहन मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2008 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-24, परिवहन विभाग के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, तथा लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त **रूपये 626601 हजार (बासठ करोड़ छियासठ लाख एक हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ज)**)

6- ग्राम्य विकास मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2008 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-19, ग्राम्य विकास विभाग के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, तथा लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त **रूपये 2606527 हजार (दो सौ साठ करोड़ पैंसठ लाख सत्ताईस हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(झ)**)

7- सहकारिता मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2008 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-18, सहकारिता विभाग के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, तथा लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त **रूपये 180480 हजार (अठारह करोड़ चार लाख अस्सी हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ञ)**)

8- कृषि मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2008 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-17, कृषि कर्म एवं अनुसंधान विभाग के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, तथा लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त **रूपये 1531441 हजार (एक सौ तिरपन करोड़ चौदह लाख इकतालीस हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ट)**)

9- पशुपालन मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2008 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-28, पशुपालन सम्बन्धी कार्य विभाग के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, तथा लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त **रूपये 460413 हजार (छियालीस करोड़ चार लाख तेरह हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ठ)**)

11. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

12. जनपद उधमसिंह नगर के विधान सभा क्षेत्र काशीपुर में पूर्व सरकार द्वारा स्कार्ट फार्म के उजाड़े गये सैकड़ों किसान परिवारों को उनकी कृषि भूमि के पट्टे न दिये जाने के संबंध में श्री हरभजन सिंह चीमा, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 04 जुलाई, 2007 को दी गई सूचना पर, राजस्व मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत वक्तव्य।

13. जिला उत्तरकाशी की तहसील बड़कोट के नकोटा गांव में 24 मई, 2007 की रात्रि को भीषण अग्निकांड से 11 परिवारों को हुई क्षति के लिए विवेकाधीन कोष से राहत राशि देने के संबंध में श्री केदार सिंह रावत, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 04 जुलाई, 2007 को नियम-53 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर, मुख्यमंत्री का केवल वक्तव्य।

आज्ञा से,

देहरादून :
दिनांक : 06 जुलाई, 2007

(महेश चन्द्र)
सचिव।

द्वितीय सत्र, 2007
का प्रथम शुक्रवार

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## शुक्रवार, 15 आषाढ़, शक संवत्, 1929
( दिनांक : 06 जुलाई, 2007 )

## नत्थी ''क''

## अल्पसूचित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह<br>13–06–2007 | ** क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में पेयजल संकट हैं? यदि हाँ, तो सरकार कब तक लोगों को पेयजल समस्या से निजात दिलायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |

# नत्थी ''ख''

## उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के नियम 40 (2) के अन्तर्गत स्थगित तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| काजी निजामुद्दीन<br>09–03–2007 | *1. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों से शिक्षण से भिन्न अन्य विभागों का कार्य भी लिया जाता है? यदि हाँ, तो क्या सरकार प्राथमिक शिक्षा के स्तर को बढ़ाये जाने को दृष्टिगत रखते हुए शिक्षकों को उपरोक्त कार्यों से मुक्त करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |

# नत्थी "ग"

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री केदार सिंह रावत<br>01–05–2007 | *1. क्या श्रम एवं सेवायोजन मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि सरकार घोषित की गई नीति के तहत उत्तराखण्ड में स्थापित उद्योगों में स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार दिये जाने पर कार्यवाही कर रही है? क्या मंत्री महोदय यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि अब तक कितने बेरोजगारों को लाभान्वित किया गया है? | तृतीय सोमवार के तारांकित 10 में स्था0 |
| श्री गोपाल सिंह राणा<br>10–05–2007 | *2. क्या गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग मंत्री अवगत हैं कि जनपद उधमसिंह नगर के खटीमा तहसील के किसानों का गन्ना उत्तर प्रदेश की किसान सहकारी चीनी मिल मझोला पीलीभीत को आपूर्ति किया जाता है? क्या यह सत्य है कि उत्तर प्रदेश के मझोला चीनी मिल के अधिकारियों द्वारा उत्तराखण्ड के गन्ना कृषकों की उपेक्षा तथा उन्हें परेशान किया जाता है तथा वर्तमान पिराई सत्र में उत्तराखण्ड के कृषकों का गन्ना नहीं लिया गया? यदि हाँ, तो क्या सरकार खटीमा के गन्ना कृषकों का उत्तराखण्ड की चीनी मिलों में गन्ना सप्लाई की कोई व्यवस्था करेगी तथा सितारगंज चीनी मिल की क्षमता को भी बढ़ायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | गन्ना |
| श्री प्रीतम सिंह<br>22–05–2007 | *3. क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार राज्य में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम निर्माण पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो किस स्थान पर तथा कब तक निर्माण कार्य प्रारम्भ करायेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? | खेल |
| श्री प्रीतम सिंह<br>25–05–2007 | *4. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि पर्वतीय क्षेत्रों में प्राईमरी व जू0 हाईस्कूलों के अध्यापकों की कमी है? यदि हाँ, तो कब तक पूर्ण रूप से अध्यापकों की नियुक्ति की जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री करन मेहरा<br>04–06–2007 | *5. क्या आबकारी मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि आबकारी नीति/कानून में कम या अधिक मात्रा में शराब तस्करी हेतु दंड की एक समान व्यवस्था है? यदि हाँ, तो क्या सरकार इस त्रुटिपूर्ण कानून में संशोधन हेतु कार्यवाही करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | आबकारी |

श्री मनोज तिवारी
04–06–2007

*6. क्या शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि बेसिक शिक्षा परिषदीय शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को राज्य कर्मचारियों की भांति सेवानिवृत्ति पर बचे अवकाशों के नकदीकरण एवं ग्रेच्युटी की सुविधा अनुमन्य है? यदि नहीं, तो क्यों? क्या यह सत्य है कि दिनांक 22.04.2006 से उक्त कर्मचारियों को राजकीय कर्मचारी घोषित किया गया है? यदि हाँ, तो इन्हें राज्य कर्मचारियों की भांति सेवानिवृत्ति पर समस्त देयकों का भुगतान/लाभ दिया जा रहा है? यदि नहीं, तो क्यों?

शिक्षा

श्री मनोज तिवारी
05–06–2007

*7. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग के संगठनात्मक स्वरूप के निर्धारण में बेसिक शिक्षा परिषदीय शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के राजकीयकरण तथा राजकीयकरण के उपरान्त इनके समायोजन एवं पुरानी सेवाओं की वरीयता दिये जाने के संबंध में शासन की क्या योजना है?

शिक्षा

कुँवर प्रणव सिंह 'चैम्पियन'
14–05–2007

*8. क्या श्रम मंत्री अवगत हैं कि राज्य में स्थापित उद्योगों में उत्तराखण्ड के बेरोजगार युवकों को रोजगार न देकर अन्य राज्यों के बेरोजगारों को रोजगार प्रदान कराया जा रहा है? क्या सरकार जनपद देहरादून, हरिद्वार एवं उधमसिंहनगर में सिडकुल द्वारा स्थापित औद्योगिक प्रतिष्ठानों में प्रतिशतवार राज्य एवं बाहरी व्यक्तियों की नौकरी के दर की सूची का उल्लेख कर एक समय सीमा के अन्दर उत्तराखण्ड के युवाओं को रोजगार दिलाये जाने हेतु उपाय करेगी? क्या सरकार उक्त उद्योगों में योग्यतानुसार राज्य के ही बेरोजगारों को 70% नौकरियां दिलाये जाने हेतु कोई नीति तैयार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

द्वितीय शुक्रवार के तारांकित 04 में स्था0

# अतारांकित प्रश्न

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री हरिदास<br>27–04–2007 | 1. | क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हरिद्वार में अगस्त, 2003 में हुए प्रवेश घोटाले में तत्कालीन प्रवेश प्रभारी को दिये गये आरोप पत्र पर क्या कार्यवाही की गई? यदि नहीं, तो क्यों? | श्रम |
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>03–05–2007 | 2. | क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार स्थित फैक्ट्रियों को श्रमिक कानून के उल्लंघन तथा श्रमिकों के शोषण के संबंध में प्रश्नकर्ता का श्रम मंत्री/जिलाधिकारी हरिद्वार/सहायक श्रमायुक्त को सम्बोधित पत्र दिनांक 30.04.2007 प्राप्त हुआ है? यदि हाँ, तो उक्त पत्र पर क्या कार्यवाही की गई? यदि नहीं, तो क्यों? | श्रम |
| श्री गोपाल सिंह राणा<br>03–05–2007 | 3. | क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि थारू राजकीय इण्टर कालेज खटीमा जिला उधमसिंह नगर में छात्रों के बैठने हेतु अतिरिक्त कक्षा कक्षों के निर्माण हेतु 54 (चौवन) लाख का प्रस्तावित आंकलन शिक्षा विभाग में लम्बित है? यदि हाँ, तो क्या शिक्षा मंत्री थारू रा0इ0 कालेज खटीमा उधमसिंह नगर हेतु रू0 चौवन लाख का प्रस्तावित आकंलन स्वीकार कर अतिरिक्त कक्षा कक्षों का निर्माण करायगें? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री गोपाल सिंह राणा<br>03–05–2007 | 4. | क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि थारू जन–जाति क्षेत्र में एक मात्र राजकीय बालिका इन्टर कालेज खटीमा जिला उधमसिंह नगर में छात्राओं की संख्या के अनुपात में कक्षा–कक्ष कम है? क्या यह सत्य है कि छात्राओं को बैठने के लिये अतिरिक्त कक्षा कक्षों के निर्माण का प्रस्ताव आंकलन सहित शिक्षा विभाग में लम्बित है? यदि हाँ, तो क्या मंत्री जी छात्राओं की समस्याओं को देखते हुए अतिरिक्त कक्षा कक्ष का निर्माण कार्य शीघ्र करायेंगे? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री गोपाल सिंह राणा<br>04–05–2007 | 5. | क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद उधमसिंह नगर में रा0इ0 कालेज वंडिया तहसील खटीमा जिला उधमसिंह नगर हेतु ग्राम भगचुरी के अन्तर्गत पांच एक एकड़ भूमि का सरकारी बाग (जिसमें अब कोई पेड़ नहीं है) विद्यालय भवन एवं एक खेल के मैदान हेतु शासन से आवंटित हो चुका है? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर नये विद्यालय हेतु भवन निर्माण कराये जाने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री गोपाल सिंह राणा<br>04–05–2007 | 6. | **दिनांक 02–07–2007 के अतारांकित 51 द्वारा उत्तरित** | |
| श्री गोपाल सिंह राणा<br>07–05–2007 | 7. | क्या गन्ना विकास मंत्री अवगत हैं कि गन्ना विभाग में उ0प्र0 एवं उत्तराखण्ड राज्य के मध्य सम्पत्ति बटंवारें के अनुसार मझोला गन्ना समिति का पुराना जीर्ण–शीर्ण भवन खटीमा मझोला, गन्ना समिति खटीमा उधमसिंह नगर के हिस्से में आया है? यदि हाँ, तो क्या सरकार खण्डहर हो चुके उक्त भवन के स्थान पर नया गन्ना समिति का भवन बनवायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | गन्ना |
| श्री गोपाल सिंह राणा<br>07–05–2007 | 8. | क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जिला उधमसिंह नगर में तहसील सितारगंज स्थित राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलखेड़ा, पुराने जूनियर हाईस्कूल के पुराने भवन में चल रहा है? क्या यह सत्य है कि उक्त भवन अत्यन्त जीर्ण–शीर्ण एवं टूटने के कगार पर है? यदि हाँ, तो क्या सरकार रा0उ0मा0 विद्यालय बलखेड़ा सितारगंज उधमसिंह नगर का नया विद्यालय भवन निर्माण करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री गोपाल सिंह राणा<br>07–05–2007 | 9. | क्या शिक्षा मंत्री को ज्ञात हैं कि 13 फरवरी, 2004 को खटीमा, उधमसिंह नगर पर तत्कालीन मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा थारू रा0इ0 कालेज में वाणिज्य विषय खोलने की घोषणा की गयी थी? यदि हाँ, तो क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वाणिज्य विषय खोलने की घोषणा कब तक पूरी कर दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>07–05–2007 | 10. | क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि हरिद्वार जनपद के ब्लाक भगवानपुर में आई0टी0आई0 की स्थापना कब तक करा दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | श्रम |
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>10–05–2007 | 11. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि आर0एम0पी0पी कन्या जूनियर हाईस्कूल गुरूकुल नारसन, जनपद हरिद्वार, उत्तराखण्ड के अनुदान सूची में आने के दिनांक से विभाग द्वारा अनुमोदित समस्त अध्यापकों एवं कर्मचारियों को वेतन भुगतान किया जा रहा है? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री गोपाल सिंह राणा<br>11–05–2007 | **12.** क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि राजकीय इण्टर कालेज झनकट, खटीमा जिला उधमसिंह नगर दो परिसरों में संचालित होने के कारण छात्र–छात्राओं को अनेक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है? यदि हाँ, तो क्या सरकार राजकीय इण्टर कालेज झनकट खटीमा जिला उधमसिंह नगर में छात्र–छात्राओं हेतु अतिरिक्त कक्षा–कक्षों का निर्माण करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री किशोर उपाध्याय<br>18–05–2007 | **13.** क्या शिक्षा मंत्री अवगत कराने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के कितने राजकीय इण्टर कालेज भवनहीन है तथा कितने राजकीय इण्टर कालेजों के भवन जीर्ण–शीर्ण एवं जर्जर स्थिति में हैं? यदि हाँ, तो सरकार कब तक प्रदेश के भवनहीन कालेजों एवं जीर्ण–शीर्ण भवनों की मरम्मत सुनिश्चित करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री गोपाल सिंह रावत<br>22–05–2007 | **14.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम व सर्व शिक्षा अभियान योजनान्तर्गत विद्यालय सामग्री खरीद घोटले की जांच पूर्व सरकार द्वारा करायी गयी थी ? यदि हां तो क्या सरकार जांच आख्या को सदन के पटल पर रखकर लिप्त अधिकारियों / कर्मचारियों को दण्डित करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री प्रीतम सिंह<br>22–05–2007 | **15.** क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या राज्य की अपनी कोई खेल नीति के अनुपालन में प्रदेश में क्या–क्या कार्य किये जा रहे हैं? यदि नहीं तो क्यों? | **खेल** |
| कुँवर प्रणव सिंह 'चैम्पियन'<br>22–05–2007 | **16.** क्या श्रम मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के खानपुर विकास खण्ड के ग्राम प्रहलादपुर में गत वर्ष राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई0टी0आई0) निर्मित करा दिया गया था? यदि हाँ, तो उक्त संस्थान में शिक्षण कार्य प्रारम्भ न कराये जाने के क्या कारण हैं? क्या सरकार लोकहित में उक्त संस्थान में इसी सत्र से शिक्षण कार्य प्रारम्भ करा रही है? यदि नहीं तो क्यों? | **श्रम** |
| कुँवर प्रणव सिंह 'चैम्पियन'<br>22–05–2007 | **17.** क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार लक्सर के के0वी0 इण्टर कालेज में गत ग्यारह वर्ष से (सन् 1996 से) विद्यालय की प्रबन्ध समिति का चुनाव नहीं कराया गया है? यदि हाँ, तो क्या सरकार लोकहित में उक्त शिक्षण संस्थान में प्रबन्ध समिति की चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित कराने जा रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |

श्री विजय सिंह पंवार 25–05–2007

**18.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विकासखण्ड प्रतापनगर में वर्ष 1949 में स्थापित कन्या प्राथमिक विद्यालय मुखेम को कन्या जूनियर हाईस्कूल स्तर पर उच्चीकृत किया जायेगा? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

शिक्षा

श्री गोपाल सिंह रावत 23–05–2007

**19.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में प्रशिक्षित विशिष्ट बी0टी0सी0 के पांच अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के पश्चात् भी नियुक्ति न दिये जाने के क्या कारण है? क्या यह सत्य है कि शिक्षा विशारद उपाधि धारक अन्य अभ्यर्थियों के आवदेन विशिष्ट बी0टी0सी0 प्रशिक्षण हेतु अस्वीकार कर दिये गये? यदि हाँ, तो क्यों? क्या सरकार इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

शिक्षा

श्री पुष्पेश त्रिपाठी 29–05–2007

**20.** क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के विकास खण्ड द्वाराहाट अन्तर्गत "बिन्ता" में स्वीकृत आई0टी0आई0 हेतु चयनित शिक्षा विभाग की भूमि का अधिग्रहण कर लिया गया है? यदि हाँ, तो भवन निर्माण कब से प्रारम्भ किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

श्रम

कुँवर प्रणव सिंह 'चैम्पियन' 30–05–2007

**21.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार में विशिष्ट बी0टीसी0 के लगभग 1200 पद रिक्त हैं? उन पर वरीयता पर मूलतः हरिद्वार जनपद की निवासिनी महिला शिक्षकों की नियुक्ति की जायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

शिक्षा

श्री पुष्पेश त्रिपाठी 31–05–2007

**22.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के द्वाराहाट तहसील अन्तर्गत राजकीय इन्टर कालेज तकुल्टी में स्वीकृत प्रवक्ता/सहायक अध्यापक पदों के सापेक्ष कितने कर्मचारी कार्यरत हैं? क्या सरकार रिक्त पदों पर यथाशीघ्र अध्यापकों की नियुक्ति करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

शिक्षा

श्री पुष्पेश त्रिपाठी 31–05–2007

**23.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के द्वाराहाट विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत नव उच्चीकृत विद्यालय दूनागिरी, अलगोली, बटुलिया, चित्रेश्वर, पारकोट, क्वैराली, कुनस्यारी, पटलगांव, महतगांव के कला एवं विज्ञान संकाय में स्वीकृत पदों के सापेक्ष वर्तमान में कितने प्रवक्ता/स0 अध्यापक कार्यरत हैं? क्या उक्त विद्यालयों में प्रवक्ता/स0 अध्यापकों के रिक्त पदों पर शीघ्र तैनाती की जायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

शिक्षा

| | | |
|---|---|---|
| श्री रणजीत सिंह रावत<br>01–06–2007 | **24.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के वि0ख0 भिक्यासैंण के राइ0का0 जीनापानी में अध्यापकों के कुल कितने पद सृजित हैं व कितने अध्यापक वर्तमान में कार्यरत हैं? रिक्त पदों पर कब तक अध्यापकों की तैनाती कर दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री रणजीत सिंह रावत<br>01–06–2007 | **25.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के वि0ख0 स्याल्दे के रा0इ0का0 कुलाण्टेश्वर में अध्यापकों के कुल कितने पद सृजित हैं व कितने अध्यापक वर्तमान में कार्यरत हैं? सरकार शेष रिक्त पदों पर अध्यापकों की तैनाती कब तक करेगी? यही नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री रणजीत सिंह रावत<br>01–06–2007 | **26.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के रा0इ0का0 सोली (सल्ट) में अध्यापकों के कुल कितने पद सृजित हैं व सृजित पदों के सापेक्ष कितने अध्यापक वर्तमान मं कार्यरत हैं? रिक्त पदों पर कब तक अध्यापकों की तैनाती कर दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री रणजीत सिंह रावत<br>01–06–2007 | **27.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के विकासखण्ड स्याल्दें के प्रा0पा0 सुवाद्योल में शिक्षकों के कितने पद सृजित हैं तथा वर्तमान में कौन–कौन शिक्षक वहां पर कार्यरत हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री करन मेहरा<br>04–06–2007 | **28.** क्या खेल मंत्री बतायेंगे कि रानीखेत कैन्ट से लगे टाईस्टेट में जंगलात की भूमि में खेल के मैदान की व्यवस्था कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | खेल |
| श्री मनोज तिवारी<br>04–06–2007 | **29.** क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के सभी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में अनुदेशकों के रिक्त पदों पर कब तक नियुक्ति की जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | श्रम |
| श्री मनोज तिवारी<br>04–06–2007 | **30.** क्या गन्ना विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के किसानों द्वारा फरवरी, 2007 के बाद प्रदेश की गन्ना चीनी मिलों को की जा रही आपूर्ति का भुगतान कब तक किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | गन्ना |

| | | |
|---|---|---|
| श्री मनोज तिवारी<br>05–06–2007 | **31.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कुल कितने बेसिक शिक्षा परिषदीय शिक्षणेत्तर कर्मचारी कार्यरत हैं? क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि उ0प्र0 से विभाजन के पूर्व परिषदीय शिक्षणेत्तर कर्मचारियों/बेसिक शिक्षकों के नियंत्रण हेतु वर्ष 1972 में बेसिक शिक्षा परिषद का गठन किया गया था तथा प्रधान लिपिक पद पर पदोन्नति का अधिकार सचिव, उ0प्र0. बेसिक शिक्षा परिषद को निहित था? क्या सरकार प्रदेश के परिषदीय कार्यालयों में रिक्त प्रधान लिपिक के पदों पर पदोन्नति की कार्यवाही शासन/विभाग स्तर पर की जा रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री रणजीत सिंह रावत<br>05–06–2007 | **32.** क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करें कि जनपद अल्मोड़ा के वि0ख0 स्याल्दे के अन्तर्गत सराईखेत में आई0टी0आई0 की स्थापना की स्वीकृति जारी कर दी गयी है? यदि हाँ, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों? | श्रम |
| श्री रणजीत सिंह रावत<br>05–06–2007 | **33.** क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के वि0ख0 भिक्यासैंण के अन्तर्गत बासोट में आई0टी0आई0 की स्थापना की स्वीकृति जारी कर दी गयी है? यदि हाँ, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों? | श्रम |
| श्री रणजीत सिंह रावत<br>05–06–2007 | **34.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के वि.ख. भिक्यासैंण के चौनलिया नामक स्थान पर कस्तूरबा गांधी नवोदय विद्यालय की स्थापना की स्वीकृति जारी कर दी गयी है? यदि हाँ, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>05–06–2007 | **35.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि रा0क0उ0मा0 विद्यालय बग्वाली पोखर एवं उभ्याड़ी जनपद अल्मोड़ा का उच्चीकरण कर दिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>05–06–2007 | **36.** **पुनरावृत्ति के आधार पर निरस्त** | |

# नत्थी (घ)

## वित्तीय वर्ष 2007-2008 के आय-व्ययक की धनराशि में कमी करने के प्रस्ताव

अनुदान संख्या-12, चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग

| प्रस्तावक का नाम | | प्रस्ताव का प्रारूप |
|---|---|---|
| (क) | 1. डा0 हरक सिंह रावत,<br>2. श्री जोत सिंह गुनसोला,<br>3. श्री प्रीतम सिंह,<br>4. श्री गोविन्द सिंह कुंजवाल,<br>5. डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल,<br>6. श्री राजेश जुवांठा,<br>7. श्री बलवीर सिंह नेगी,<br>8. श्री किशोर उपाध्याय,<br>9. श्री रणजीत सिंह रावत,<br>10. श्री महेन्द्र सिंह माहरा,<br>11. कुंवर प्रणव सिंह,<br>12. श्री करन माहरा,<br>13. श्री मनोज तिवारी,<br>14. श्री केदार सिंह रावत,<br>15. श्री अमृता रावत,<br>16. श्री यशपाल आर्य,<br>17. श्री दिनेश अग्रवाल,<br>18. श्री तिलकराज बेहड़,<br>19. श्री गोपाल सिंह,<br>20. मयूख सिंह। | सम्पूर्ण अनुदान के अधीन मांग की राशि घटाकर एक रूपया कर दी जाय। कमी करने का उद्देश्य विभागीय नीति की आलोचना करना तथा सुझाव देना। |
| (ख) | 1. श्री हरिदास,<br>2. काजी मौ0 निजामुद्दीन,<br>3. श्री शहजाद,<br>4 चौ0 यशवीर सिंह,<br>5. श्री सुरेन्द्र राकेश,<br>6. श्री प्रेमानन्द महाजन,<br>7. हाजी तसलीम अहमद<br>8. श्री नारायण पाल। | -तदैव- |

# नत्थी (ङ)

## वित्तीय वर्ष 2007-2008 के आय-व्ययक की धनराशि में कमी करने के प्रस्ताव

अनुदान संख्या-20, सिंचाई एवं बाढ़ विभाग

| प्रस्तावक का नाम | प्रस्ताव का प्रारूप |
|---|---|
| (क) 1. डा0 हरक सिंह रावत,<br>2. श्री जोत सिंह गुनसोला,<br>3. श्री प्रीतम सिंह,<br>4. श्री गोविन्द सिंह कुंजवाल,<br>5. डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल,<br>6. श्री राजेश जुवांठा,<br>7. श्री बलवीर सिंह नेगी,<br>8. श्री किशोर उपाध्याय,<br>9. श्री रणजीत सिंह रावत,<br>10. श्री महेन्द्र सिंह माहरा,<br>11. कुंवर प्रणव सिंह,<br>12. श्री करन माहरा,<br>13. श्री मनोज तिवारी,<br>14. श्री केदार सिंह रावत,<br>15. श्री अमृता रावत,<br>16. श्री यशपाल आर्य,<br>17. श्री दिनेश अग्रवाल,<br>18. श्री तिलकराज बेहड़,<br>19. श्री गोपाल सिंह,<br>20. मयूख सिंह। | सम्पूर्ण अनुदान के अधीन मांग की राशि घटाकर एक रूपया कर दी जाय। कमी करने का उद्देश्य विभागीय नीति की आलोचना करना तथा सुझाव देना। |
| (ख) 1. श्री हरिदास,<br>2. काजी मौ0 निजामुद्दीन,<br>3. श्री शहजाद,<br>4 चौ0 यशवीर सिंह,<br>5. श्री सुरेन्द्र राकेश,<br>6. श्री प्रेमानन्द महाजन,<br>7. हाजी तसलीम अहमद<br>8. श्री नारायण पाल। | -तदैव- |

# नत्थी (च)

## वित्तीय वर्ष 2007-2008 के आय-व्ययक की धनराशि में कमी करने के प्रस्ताव

अनुदान संख्या-13, जलापूर्ति, आवास एवं नगर विकास विभाग

| प्रस्तावक का नाम | प्रस्ताव का प्रारूप |
|---|---|
| (क) 1. डा0 हरक सिंह रावत,<br>2. श्री जोत सिंह गुनसोला,<br>3. श्री प्रीतम सिंह,<br>4. श्री गोविन्द सिंह कुंजवाल,<br>5. डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल,<br>6. श्री राजेश जुवांठा,<br>7. श्री बलवीर सिंह नेगी,<br>8. श्री किशोर उपाध्याय,<br>9. श्री रणजीत सिंह रावत,<br>10. श्री महेन्द्र सिंह माहरा,<br>11. कुंवर प्रणव सिंह,<br>12. श्री करन माहरा,<br>13. श्री मनोज तिवारी,<br>14. श्री केदार सिंह रावत,<br>15. श्री अमृता रावत,<br>16. श्री यशपाल आर्य,<br>17. श्री दिनेश अग्रवाल,<br>18. श्री तिलकराज बेहड़,<br>19. श्री गोपाल सिंह,<br>20. मयूख सिंह। | सम्पूर्ण अनुदान के अधीन मांग की राशि घटाकर एक रूपया कर दी जाय। कमी करने का उद्देश्य विभागीय नीति की आलोचना करना तथा सुझाव देना। |
| (ख) 1. श्री हरिदास,<br>2. काजी मौ0 निजामुद्दीन,<br>3. श्री शहजाद,<br>4 चौ0 यशवीर सिंह,<br>5. श्री सुरेन्द्र राकेश,<br>6. श्री प्रेमानन्द महाजन,<br>7. हाजी तसलीम अहमद<br>8. श्री नारायण पाल। | -तदैव- |

# नत्थी (छ)

## वित्तीय वर्ष 2007-2008 के आय-व्ययक की धनराशि में कमी करने के प्रस्ताव

अनुदान संख्या-27, वन विभाग

| प्रस्तावक का नाम | प्रस्ताव का प्रारूप |
|---|---|
| (क) 1. डा0 हरक सिंह रावत,<br>2. श्री जोत सिंह गुनसोला,<br>3. श्री प्रीतम सिंह,<br>4. श्री गोविन्द सिंह कुंजवाल,<br>5. डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल,<br>6. श्री राजेश जुवांठा,<br>7. श्री बलवीर सिंह नेगी,<br>8. श्री किशोर उपाध्याय,<br>9. श्री रणजीत सिंह रावत,<br>10. श्री महेन्द्र सिंह माहरा,<br>11. कुंवर प्रणव सिंह,<br>12. श्री करन माहरा,<br>13. श्री मनोज तिवारी,<br>14. श्री केदार सिंह रावत,<br>15. श्री अमृता रावत,<br>16. श्री यशपाल आर्य,<br>17. श्री दिनेश अग्रवाल,<br>18. श्री तिलकराज बेहड़,<br>19. श्री गोपाल सिंह,<br>20. मयूख सिंह। | सम्पूर्ण अनुदान के अधीन मांग की राशि घटाकर एक रूपया कर दी जाय। कमी करने का उद्देश्य विभागीय नीति की आलोचना करना तथा सुझाव देना। |
| (ख) 1. श्री हरिदास,<br>2. काजी मौ0 निजामुद्दीन,<br>3. श्री शहजाद,<br>4 चौ0 यशवीर सिंह,<br>5. श्री सुरेन्द्र राकेश,<br>6. श्री प्रेमानन्द महाजन,<br>7. हाजी तसलीम अहमद<br>8. श्री नारायण पाल। | -तदैव- |

# नत्थी (ज)

## विंत्तीय वर्ष 2007-2008 के आय-व्ययक की धनराशि में कमी करने के प्रस्ताव

अनुदान संख्या-24, परिवहन विभाग

| प्रस्तावक का नाम | | प्रस्ताव का प्रारूप |
|---|---|---|
| (क) | 1. डा0 हरक सिंह रावत,<br>2. श्री जोत सिंह गुनसोला,<br>3. श्री प्रीतम सिंह,<br>4. श्री गोविन्द सिंह कुंजवाल,<br>5. डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल,<br>6. श्री राजेश जुवांठा,<br>7. श्री बलवीर सिंह नेगी,<br>8. श्री किशोर उपाध्याय,<br>9. श्री रणजीत सिंह रावत,<br>10. श्री महेन्द्र सिंह माहरा,<br>11. कुंवर प्रणव सिंह,<br>12. श्री करन माहरा,<br>13. श्री मनोज तिवारी,<br>14. श्री केदार सिंह रावत,<br>15. श्री अमृता रावत,<br>16. श्री यशपाल आर्य,<br>17. श्री दिनेश अग्रवाल,<br>18. श्री तिलकराज बेहड़,<br>19. श्री गोपाल सिंह,<br>20. मयूख सिंह। | सम्पूर्ण अनुदान के अधीन मांग की राशि घटाकर एक रूपया कर दी जाय। कमी करने का उद्देश्य विभागीय नीति की आलोचना करना तथा सुझाव देना। |
| (ख) | 1. श्री हरिदास,<br>2. काजी मौ0 निजामुद्दीन,<br>3. श्री शहजाद,<br>4 चौ0 यशवीर सिंह,<br>5. श्री सुरेन्द्र राकेश,<br>6. श्री प्रेमानन्द महाजन,<br>7. हाजी तसलीम अहमद<br>8. श्री नारायण पाल। | -तदैव- |

## नत्थी (झ)

### वित्तीय वर्ष 2007-2008 के आय-व्ययक की धनराशि में कमी करने के प्रस्ताव

अनुदान संख्या-19, ग्राम्य विकास विभाग

| प्रस्तावक का नाम | | प्रस्ताव का प्रारूप |
|---|---|---|
| (क) | 1. डा0 हरक सिंह रावत,<br>2. श्री जोत सिंह गुनसोला,<br>3. श्री प्रीतम सिंह,<br>4. श्री गोविन्द सिंह कुंजवाल,<br>5. डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल,<br>6. श्री राजेश जुवांठा,<br>7. श्री बलवीर सिंह नेगी,<br>8. श्री किशोर उपाध्याय,<br>9. श्री रणजीत सिंह रावत,<br>10. श्री महेन्द्र सिंह माहरा,<br>11. कुंवर प्रणव सिंह,<br>12. श्री करन माहरा,<br>13. श्री मनोज तिवारी,<br>14. श्री केदार सिंह रावत,<br>15. श्री अमृता रावत,<br>16. श्री यशपाल आर्य,<br>17. श्री दिनेश अग्रवाल,<br>18. श्री तिलकराज बेहड़,<br>19. श्री गोपाल सिंह,<br>20. मयूख सिंह। | सम्पूर्ण अनुदान के अधीन मांग की राशि घटाकर एक रूपया कर दी जाय। कमी करने का उद्देश्य विभागीय नीति की आलोचना करना तथा सुझाव देना। |
| (ख) | 1. श्री हरिदास,<br>2. काजी मौ0 निजामुद्दीन,<br>3. श्री शहजाद,<br>4 चौ0 यशवीर सिंह,<br>5. श्री सुरेन्द्र राकेश,<br>6. श्री प्रेमानन्द महाजन,<br>7. हाजी तसलीम अहमद<br>8. श्री नारायण पाल। | -तदैव- |

# नत्थी (ञ)

## वित्तीय वर्ष 2007-2008 के आय-व्ययक की धनराशि में कमी करने के प्रस्ताव

अनुदान संख्या-18, सहकारिता विभाग

| प्रस्तावक का नाम | | प्रस्ताव का प्रारूप |
|---|---|---|
| (क) | 1. डा0 हरक सिंह रावत,<br>2. श्री जोत सिंह गुनसोला,<br>3. श्री प्रीतम सिंह,<br>4. श्री गोविन्द सिंह कुंजवाल,<br>5. डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल,<br>6. श्री राजेश जुवांठा,<br>7. श्री बलवीर सिंह नेगी,<br>8. श्री किशोर उपाध्याय,<br>9. श्री रणजीत सिंह रावत,<br>10. श्री महेन्द्र सिंह माहरा,<br>11. कुंवर प्रणव सिंह,<br>12. श्री करन माहरा,<br>13. श्री मनोज तिवारी,<br>14. श्री केदार सिंह रावत,<br>15. श्री अमृता रावत,<br>16. श्री यशपाल आर्य,<br>17. श्री दिनेश अग्रवाल,<br>18. श्री तिलकराज बेहड़,<br>19. श्री गोपाल सिंह,<br>20. मयूख सिंह। | सम्पूर्ण अनुदान के अधीन मांग की राशि घटाकर एक रूपया कर दी जाय। कमी करने का उद्देश्य विभागीय नीति की आलोचना करना तथा सुझाव देना। |
| (ख) | 1. श्री हरिदास,<br>2. काजी मौ0 निजामुद्दीन,<br>3. श्री शहजाद,<br>4 चौ0 यशवीर सिंह,<br>5. श्री सुरेन्द्र राकेश,<br>6. श्री प्रेमानन्द महाजन,<br>7. हाजी तसलीम अहमद<br>8. श्री नारायण पाल। | -तदैव- |

# नत्थी (ट)

## वित्तीय वर्ष 2007-2008 के आय-व्ययक की धनराशि में कमी करने के प्रस्ताव

अनुदान संख्या-17, कृषि कर्म एवं अनुसंधान विभाग

| प्रस्तावक का नाम | प्रस्ताव का प्रारूप |
|---|---|
| (क) 1. डा0 हरक सिंह रावत,<br>2. श्री जोत सिंह गुनसोला,<br>3. श्री प्रीतम सिंह,<br>4. श्री गोविन्द सिंह कुंजवाल,<br>5. डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल,<br>6. श्री राजेश जुवांठा,<br>7. श्री बलवीर सिंह नेगी,<br>8. श्री किशोर उपाध्याय,<br>9. श्री रणजीत सिंह रावत,<br>10. श्री महेन्द्र सिंह माहरा,<br>11. कुंवर प्रणव सिंह,<br>12. श्री करन माहरा,<br>13. श्री मनोज तिवारी,<br>14. श्री केदार सिंह रावत,<br>15. श्री अमृता रावत,<br>16. श्री यशपाल आर्य,<br>17. श्री दिनेश अग्रवाल,<br>18. श्री तिलकराज बेहड़,<br>19. श्री गोपाल सिंह,<br>20. मयूख सिंह। | सम्पूर्ण अनुदान के अधीन मांग की राशि घटाकर एक रूपया कर दी जाय। कमी करने का उद्देश्य विभागीय नीति की आलोचना करना तथा सुझाव देना। |
| (ख) 1. श्री हरिदास,<br>2. काजी मौ0 निजामुद्दीन,<br>3. श्री शहजाद,<br>4 चौ0 यशवीर सिंह,<br>5. श्री सुरेन्द्र राकेश,<br>6. श्री प्रेमानन्द महाजन,<br>7. हाजी तसलीम अहमद<br>8. श्री नारायण पाल। | -तदैव- |

# नत्थी (ठ)

## वित्तीय वर्ष 2007-2008 के आय-व्ययक की धनराशि में कमी करने के प्रस्ताव

अनुदान संख्या-28, पशुपालन सम्बन्धी कार्य विभाग

| प्रस्तावक का नाम | | प्रस्ताव का प्रारूप |
|---|---|---|
| (क) | 1. डा0 हरक सिंह रावत,<br>2. श्री जोत सिंह गुनसोला,<br>3. श्री प्रीतम सिंह,<br>4. श्री गोविन्द सिंह कुंजवाल,<br>5. डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल,<br>6. श्री राजेश जुवांठा,<br>7. श्री बलवीर सिंह नेगी,<br>8. श्री किशोर उपाध्याय,<br>9. श्री रणजीत सिंह रावत,<br>10. श्री महेन्द्र सिंह माहरा,<br>11. कुंवर प्रणव सिंह,<br>12. श्री करन माहरा,<br>13. श्री मनोज तिवारी,<br>14. श्री केदार सिंह रावत,<br>15. श्री अमृता रावत,<br>16. श्री यशपाल आर्य,<br>17. श्री दिनेश अग्रवाल,<br>18. श्री तिलकराज बेहड़,<br>19. श्री गोपाल सिंह,<br>20. मयूख सिंह। | सम्पूर्ण अनुदान के अधीन मांग की राशि घटाकर एक रूपया कर दी जाय। कमी करने का उद्देश्य विभागीय नीति की आलोचना करना तथा सुझाव देना। |
| (ख) | 1. श्री हरिदास,<br>2. काजी मौ0 निजामुद्दीन,<br>3. श्री शहजाद,<br>4 चौ0 यशवीर सिंह,<br>5. श्री सुरेन्द्र राकेश,<br>6. श्री प्रेमानन्द महाजन,<br>7. हाजी तसलीम अहमद<br>8. श्री नारायण पाल। | -तदैव- |